# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in


पत्र संख्या- 170/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक-13.05.2025

### थाना- ए0एच0टी0

## आजमगढ़ पुलिस ने 02 वर्षों से गुमशुदा 16 वर्षीय किशोर की इंस्टाग्राम आईडी को ट्रेस करते हुए जनपद मोरवी (गुजरात) से बरामद कर परिजनों से मिलाया।

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर अपहृत/गुमशुदा लोंगों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश के क्रम में *आज दिनांक-13.05.2025 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा सन् 2023 में जनपद आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र के रहने वाले एक 16 वर्षीय किशोर को इंस्टाग्राम आईडी को ट्रेस करते हुए जनपद मोरवी (गुजरात) से बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया* गया हैं।

**घटना क्रम-**

अवगत कराना है कि दिनांक 03.09.2023 को वादी मुकदमा धीरज सिंह पुत्र स्व0 शशिकांत सिंह नि0 सुम्हाडीह थाना पवई जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना पवई पर शिकायत किया गया कि वादी के मामा इन्द्र कुमार सिंह का लड़का उम्र करीब 14 वर्ष दिनांक 30.08.2023 को घर पर बिना किसी से बताए कहीं चला गया है, जिसके आधार पर **थाना पवई पर मु0अ0सं0 279/23 धारा 363 भादवि** बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना थाना पवई से सम्पादित की जा रही थी। परन्तु पीड़ित/अपहृत सोनू सिंह उपरोक्त की बरामदगी न हो सकी। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा उक्त अभियोग की विवेचना थाना ए0एच0टी0 जनपद आजमगढ़ को सुपुर्द की गयी।

**बरामदगी का विवरण –**

आज दिनांक- 13.05.2025 को **प्रभारी निरीक्षक अभयराज मिश्रा** थाना ए0एच0टी0 के कुशल नेतृत्व में **उ0नि0 बेचू प्रसाद यादव** मय हमराह का0 आशीष प्रताप सिंह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़ित/अपहृत सोनू सिंह पुत्र इन्द्रकुमार सिंह नि0 छताई थाना शाहगंज जनपद जौनपुर हालपता- सुम्हाडीह थाना पवई जनपद आजमगढ़ को गुमशुदा के इंस्टाग्राम आईडी को ट्रेस करते हुए कस्बा राजपर थाना मोरबी तालुक **जनपद मोरबी (गुजरात)** जाकर बरामद किया गया। मुकदमा पंजीकृत होने के समय पीड़ित/अपहृत सोनू सिंह उपरोक्त 14 वर्ष का था।

**पंजीकृत अभियोग –**

1- मु0अ0सं0 279/23 धारा 363 भादवि थाना पवई जनपद आजमगढ़।

**बरामद किशोर का विवरण-**

1- सोनू सिंह पुत्र इन्द्रकुमार सिंह नि0 छताई थाना शाहगंज जनपद जौनपुर हालपता- सुम्माडीह थाना पवई जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 16 वर्ष।

**बरामद करने वाली पुलिस टीम-**

1-प्रभारी निरीक्षक अभयराज मिश्रा, उ0नि0 बेचू प्रसाद यादव, का0 आशीष प्रताप सिंह, थाना ए0एच0टी0 जनपद आजमगढ़, हे0का0 संजय कुमार सर्विलांस सेल आजमगढ़।

